संख्या 12016/02/2024-रा.भा.(का-2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
***

बी विंग, चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी.-2
भवन, जय सिंह रोड नई दिल्ली,
दिनांक : 08.08.2024

विषय : हिंदी दिवस-2024 एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के लिए प्रतीक चिह्न -लोगो (Logo) बनाने हेतु आयोजित प्रतियोगिता परिणाम के संबंध में।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार 14 व 15 सितम्बर 2024 को नई दिल्ली स्थित "भारत मंडपम" में दो दिवसीय हिंदी दिवस एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का संयुक्त आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन की अध्यक्षता माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह जी करेंगे।

2. इस महत्वपूर्ण सम्मेलन हेतु 'प्रतीक चिह्न' बनने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में देश के कोने-कोने से हिंदी से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया तथा अपने द्वारा निर्मित 'लोगो' विभाग को भेजे।

3. उल्लेखनीय है कि 'लोगो' हेतु गठित चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से **डॉ. उमा जनागल, राजभाषा अधिकारी, गेल इंडिया लिमिटेड, औरैया** द्वारा निर्मित लोगो (प्रतीक चिन्ह) का चयन प्रथम स्थान के लिए किया गया। प्रथम विजेता को पुरस्कार स्वरूप रू. 5000/- की राशि व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। साथ ही चयनित 'लोगो' का प्रयोग भारत मंडपम (नई दिल्ली) सम्मेलन के दौरान किया जाएगा।

4. चयन समिति द्वारा द्वितीय स्थान के लिए **श्री अमेय धनंजय यंदे, सी-डेक, पुणे** तथा **तृतीय स्थान के लिए श्री नगेन्द्र कुमार सिंह, प्रबंधक(राजभाषा), इंडियन ओवरसीज़ बैंक, चेन्नई** का चयन किया गया। द्वितीय तथा तृतीय विजेता को पुरस्कार स्वरूप क्रमशः रू. 4000/- एवं रू. 3000/- की राशि व प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

5. चयन समिति द्वारा उपर्युक्त के अतिरिक्त दो अन्य सर्वश्रेष्ठ प्रतीक चिन्हों (Logo) का भी चयन किया गया है, जिन्हें राजभाषा विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इनके नाम इस प्रकार है:-**श्री विरेन्दर, कार्मिक प्रभाग, भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय (हरियाणा) एवं मोहम्मद अकुईब आई.सी.एम.आर.-एस.आर.एफ, चंडीगढ़।**

अनिल कुमार
(अनिल कुमार)
उप सचिव(का.)
दूरभाष:-011-23438143

प्रति:-

1. सभी 05 पुरस्कृत अधिकारी/कर्मचारी।
2. वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, एनआईसी को इस अनुरोध के साथ कि इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाएं।

हिंदी दिवस एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, 14-15 सितंबर 2024

राजभाषा हीरक जयंती

भारत मंडपम, नई दिल्ली